Information in respect of Bombay and Madras is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

**दूरदर्शन सीरियल "रामायण"**

2148. **श्रीमती रेणुका चौधरी :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने "रामायण" सीरियल को 52 भागों के दिखाये जाने के बाद, न दिखाने का निणय किया है ;

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार का निर्णय लिए जाने के क्या कारण हैं ; और

(ग) यदि हां, तो क्या 52 भागों में सम्पूर्ण रामायण का दिखाया जाना संभव नहीं है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजीत पांजा) :** (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) कहानी रेखा की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने प्रारम्भ में अनुमोदित 52 कड़ियों के अतिरिक्त, धारावाहिक में 26 और कड़ियां बढ़ाने का निर्णय लिया है ?

**भारत एल्यमिनियम कंपनी लिमिटेड के कर्मचारियों को अन्तरिम सहायता**

2149. **श्री शरद यादव :** क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकारी क्षेत्र के उद्योगों के कर्मचारियों के लिये औद्योगिक मंहगाई भत्ते के आधार पर 1 जनवरी, 1986 को स्वीकृत किये गये अन्तरिम सहायता के भुगतान के निर्णय को भारत अल्यूमिनियम कंपनी लि० (मध्य प्रदेश) के कर्मचारियों और अधिकारियों पर भी लागू किया गया है ; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ख) क्या भारत एल्यूमिनियम कंपनी के प्रबंधकों ने इस अन्तरिम सहायता के संबंध में सरकार से कोई निर्देश मांगे थे ; यदि हां, तो कब और अन्तरिम सहायता के भुगतान में विलम्ब के क्या कारण हैं और उन्हें इसका कब तक भुगतान किये जाने की संभावना है ?

**इस्पात और खान मंत्रालय में खान विभाग में राज्य मंत्री (श्रीमती रामदुलारी सिन्हा) :** (क) सरकारी क्षेत्र के उन उपक्रमों के कमचारियों को 1-1-1986 से अन्तरिम सहायता देय है, जहां मजदूरी समझौते की वैधता-अवधि समाप्त हो गयी है या समाप्त होने वाली है । भारत एल्यूमिनियम कंपनी लि० (बाल्को) के कोरबा (म० प्र०) के कर्मचारियों की मजदूरी में संशोधन 1-4-1989 को ही देय होगा ।

(ख) बाल्को ने 29-9-1987 को, सरकार से जानना चाहा है कि क्या उन गैर-कार्यपालक कर्मचारियों को अन्तरिम सहायता दी जाए, जिनका मजदूरी संशोधन 31-3-1989 को समाप्त होने जा रहा है। बाल्को के कोरबा कर्मचारियों को अन्तरिम सहायता देने पर सरकार विचार कर रही है ।

**उर्वरकों का विक्रय मूल्य**

2150. **श्री शरद यादव :** क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रतिवर्ष उर्वरकों का प्रति क्विंटल विक्रय मूल्य क्या रहा ;

(ख) इसी अवधि के दौरान उर्वरकों का उत्पादन तथा उपभोग कितना हुआ ;

(ग) क्या 1986-87 में उर्वरकों का उपभोग घट गया है और उर्वरकों का भारी स्टाक बिना बिका पड़ा हुआ है ; और